दुर्गा

सत्र 2021–2022

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय, नांगल चौधरी

–: सरस्वती माँ :–

या कुंदेदुतुषार हार धवला, या शुभ्रवस्त्रावृता।
या वीणा वरदण्डमंडित करा, या श्वेत पद्मासना ॥
या ब्रह्माच्युत शंकर प्रभृतिभिर्देवै: सदावन्दिता।
सा मां पातु सरस्वती भगवती नि:शेष जाड.यापहा ॥

बैजनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता के द्धारा महाविद्यालय प्रांगण में सरस्वती मां की प्रतिमा का अनावरण दिनांक – 16 नवम्बर, 2021 वार – मंगलवार को दिवंगत समाज सेवी स्वर्गीय श्री बैजनाथ चौधरी जी के सुपुत्र श्री गोविन्द राम चौधरी के कर कमलों द्धारा किया गया था। मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करवाने में महाविद्यालय की कर्मठ प्राचार्या डॉ0 अनिता तंवर जी का असीम सहयोग रहा है। महाविद्यालय परिवार बैजनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता का सदैव ऋणी रहेगा।

स्व. श्री बैजनाथ चौधरी

''वन्दन अभिनन्दन करे, धरा और आकाश।
दान वीरता आपकी, जग में है विख्यात''॥

स्वर्गीय भामाशाह बैजनाथ चौधरी जी का महाविद्यालय परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए महिला महाविद्यालय स्थापित करवाया। क्योंकि नांगल चौधरी दक्षिण हरियाणा के अन्तिम क्षोर पर स्थित है। जहाँ आज भी महिला शिक्षा का अभाव है। इस महाविद्यालय के निर्माण से इस क्षेत्र की बेटियों को न केवल शिक्षा बल्कि समाज के हर क्षेत्र में उनकी पहचान बनने लगी है। उनकी महाविद्यालय निर्माण के प्रति सोच से यह पता लगता है कि वे नारी शिक्षा को लेकर कितने चिंतित थे। उन्हें यह पता था कि समाज में अगर बेटी शिक्षित होगी तो वह दो कुलों को शिक्षित व सुसज्जित करेगी।

हम सब उस दिव्य पुण्य आत्मा स्व. बैजनाथ जी की इस दानवीरता व महानता को कोटि-कोटि नमन करते हैं।

श्री गोविन्द राम चौधरी

मुझे बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि हमारे महाविद्यालय की पत्रिका 'दुर्गा' का संस्करण हो रहा है। बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय हमारे स्वर्गीय पिताश्री का एक सपना था जिसे मैं आज फलीभूत होते देख रहा हूँ। इस महाविद्यालय के सफल संचालन में हमारे प्राचार्य, शिक्षक, स्टाफ तथा विद्यार्थियों का पूरा सहयोग रहा है। मैं नांगल चौधरी के निवासियों का भी धन्यवाद करना चाहूँगा कि उन्होंने समय-समय पर महाविद्यालय की व्यवस्था बनाने में भी सहयोग दिया। पत्रिका का नाम 'दुर्गा' रखा गया है जो कि हमारी पूज्यनीय माता जी का नाम है।

शिक्षा का क्या उद्देश्य होता है। सब लोगों के लिए अलग-अलग उद्देश्य होता है। मेरे हिसाब से शिक्षा के अनेक उद्देश्य हैं। सबसे पहले है - आत्मविश्वास। प्रारम्भिक शिक्षा हमारे अन्दर आत्मविश्वास पैदा करती है। यही आत्मविश्वास हमें आगे ले जाने के लिए प्रेरित करता है साथ ही साथ शिक्षा की सहायता से हम अपनी समस्या को हल कर पाते हैं। जब हमारे अन्दर आत्मविश्वास आता है, तब हम किसी भी परिस्थितियों में, किसी भी असुविधाजनक माहौल में अपने आपको सहज कर पाते है। तीसरा शिक्षा का उद्देश्य जीवनयापन के लिए धर्नाजन करना है, लेकिन मैं समझता हूँ कि ऐसा नहीं है। धनार्जन होता है लेकिन यह प्राइमरी उद्देश्य नहीं है। इसके अलावा शिक्षा का उद्देश्य समाज का निर्माण करना, अच्छे संस्कार देना, इसके साथ-साथ शिक्षा का उद्देश्य राष्ट्र का निर्माण करना है। यदि हम सब अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार दे पाते है तो हमारा समाज अच्छा बनेगा, अच्छा समाज बनेगा तो राष्ट्र का भी अच्छा निर्माण होगा।

बैजनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट हमेशा चाहेगा कि महाविद्यालय की प्रगति दिन दुगुनी रात चौगुनी होती रहे। महाविद्यालय को जब भी एवं जिस भी सहायता की आवश्यकता पड़ेगी वह सहायता हम अवश्य ही करेंगे। मैं चाहता हूँ कि महाविद्यालय राज्य का सबसे उच्चतम महाविद्यालय बने। जिसके लिए आप सभी का सहयोग बहुत ही आवश्यक है तथा हमारा ट्रस्ट भी इसमें पूरा सहयोग करेगा तथा नांगल चौधरी के निवासी भी इसमें पूरा सहयोग करेंगे। हम सब को मिलकर इस महाविद्यालय को एक ऊँचे मुकाम पर ले जाना है।

धन्यवाद।

श्री गोविन्द राम चौधरी
बैजनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन

Message

It is a matter of immense pleasure and happiness for me to send my heartiest good wishes to the B.C. Govt. College for Women, Nangal Chaudhary for their attempt to publish "DURGA" the yearly magazine of the college. It serves as a learning path to the students who contribute to its making and it gives a good exposure regarding the process of learning in the institution.

9/4/22.

Dr. Abhe Singh Yadav
MLA Nangal Chaudhary

संदेश

प्रिय पाठकों/छात्राओं

मुझे अत्यन्त हर्ष एवं प्रसन्नता हो रही है कि हमारे महाविद्यालय की पत्रिका 'दुर्गा' का यह प्रथम संस्करण बहुत ही सुन्दर साज-सज्जा के साथ प्रकाशित हो रहा है।

पत्रिका महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियाँ वर्ष भर चलती रहती है। शिक्षा मानव समाज के सर्वांगीण विकास की आधार शिला है। शिक्षा ही व्यक्ति को विवेकशील व संस्कारवान बनाकर उसे निरंतर प्रगति के पथ पर ले जाती है। शिक्षा से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। वैश्वीकरण के इस युग में सभी प्राध्यापकों का भी यह दायित्व है कि वे त्याग व निष्ठा के साथ संस्कारित एवं मेधावी विद्यार्थियों की ऐसी पौध तैयार करें जो राष्ट्र की अमर व अनमोल धरोहर बन सके। शिक्षा संस्कार की एक प्रक्रिया है, परन्तु आधुनिक शिक्षा प्रणाली में संस्कारों की घोर उपेक्षा हो रही है। शिक्षा का उद्देश्य शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास करना है। पत्रिका छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। यूँ तो छात्राओं में रचनात्मक प्रतिभा होती ही है, परन्तु आवश्यकता इस बात की है उनकी इस रचनात्मकता को सही दिशा में मोड़ दिया जाए। यद्यपि मौलिक अभिव्यक्ति में अपरिपक्वता हो सकती है, परन्तु यह अपरिपक्वता ही उनकी मौलिकता की परिचायक है।

मानव जीवन में संस्कारों की बड़ी महत्ता है। संस्कारवान व चरित्रवान मानव में सरसता, मधुरता व पावनता होती है। घर ही संस्कारों की जननी है। अत: अच्छे संस्कार केवल घर से ही आते है। चरित्रवान व्यक्ति अनेक विपत्तियों के आने पर भी अपने कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होता है। आज हम देखते है कि समाज में सबसे ज्यादा गिरावट नैतिक मूल्यों में आई है। परन्तु आप सभी छात्राओं से मेरा आग्रह है कि आपको अपना जीवन चरित्रवान बनाना है। आपको अपने कर्मक्षेत्र की भूमि में निराश नहीं होना है। हर सफलता के पीछे संघर्ष होता है।

मुझे विश्वास है कि हमारी छात्राएं आगे चलकर प्रबद्ध, देशभक्त एवं विभिन्न कौशलों से परिपूर्ण सभ्य नागरिक बनेंगी एवं समाज व देश के विकास में अपना सक्रिय योगदान देकर अपने जीवन को सफल बनाएंगी। नोबेल पुरस्कार विजेता यूसूफजई ने भी कहा है कि- ''एक बच्चा, एक शिक्षक, एक किताब और एक पेन, दुनिया बदल सकते हैं।''

मैं इस पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए मुख्य सम्पादक, स्टाफ सम्पादक, छात्रा सम्पादक तथा उन सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को बधाई देती हूँ जिन्होंन प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग दिया है। मेरी शुभकामनाएँ आपके साथ है।

प्राचार्या

डॉ० अनीता तंवर

सम्पादकीय

मुख्य सम्पादक की कलम से...

'दुर्गा पत्रिका' का यह प्रथम अंक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यधिक हर्ष कि अनुभूति हो रही है। पत्रिका का नामकरण भामाशाह स्वर्गीय बैजनाथ चौधरी जी की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा चौधरी के नाम पर रखा गया है।

शिक्षा जगत में महाविद्यालय पत्रिका महाविद्यालय की प्रगति, भावी योजनाओं को प्रस्तुत करने का माध्यम होने के साथ-साथ छात्राओं की लेखन शक्ति, विचारों एवं भावों और कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त एवं प्रबल साधन है। दुर्गा पत्रिका के प्रकाशन के रूप में महाविद्यालय का एक अद्भुत प्रयास है। महाविद्यालय में संसाधनों की सीमितता के कारण आकृति में यद्यपि लघु है, किन्तु गुणवत्ता एवं सम्पादन की दृष्टि से यह पत्रिका बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय, नांगल चौधरी की गरिमा को अभिसिंचित करने वाली है। छात्राओं ने अत्यन्त उत्साह से वृहत संख्या में रचनाएं देकर अपने लिखित अभिव्यक्ति तथा मौलिक चिंतन का परिचय दिया है।

'दुर्गा पत्रिका' के सफल सम्पादन एवं प्रकाशन हेतु सर्वप्रथम मैं विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती के चरणों में कोटि-कोटि श्रद्धाभाव समर्पित करती हूँ जिनकी असीम अनुकम्पा से हम सभी साहित्य साधना में संलग्न है। साहित्य समाज का दर्पण होता है जो कि तत्कालीन समाज का चित्र पाठक वर्ग के समक्ष रखता है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों में - ''प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिम्ब है।'' समाज की क्षमता और सजीवता यदि कहीं प्रत्यक्ष देखने को मिल सकती है तो निश्चित रूप से साहित्य रूपी दर्पण में ही मिलती है। आज भी कालिदास, सूरदास, प्रेमचन्द जैसे साहित्यकार उनके साहित्य के कारण जाने जाते है। क्योंकि उनका साहित्य हमें एक संस्कृति और एक जातीयता के सूत्र में बाँधता है, इसलिए साहित्य समाज को एक नई दिशा प्रदान करता है। अत: प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने साहित्य के प्रति जागरूक रहे और ऐसा करके विद्यार्थी जीवन को सुनियोजित ढंग से निर्वाह करे। विद्यार्थी देश के भावी कर्णधार है जो देश को उन्नति के पथ पर अग्रसित करते है।

माननीय प्राचार्या डॉ० अनीता तंवर जी की आभारी हूँ जिनके कुशल निर्देशन में इस पत्रिका को प्रकाशित करवाने में समर्थ हुई हूँ।

अन्त में श्रीमती सन्तोष यादव, सम्पादिका विज्ञान विभाग, श्री रमन यादव, श्री प्रदीप यादव, सम्पादक अंग्रेजी विभाग, श्रीमती सुनीता यादव, सम्पादिका हिन्दी विभाग एवं समस्त स्टाफ के प्रति मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ जिनके प्रयास से पत्रिका का यह कार्य पूर्ण हुआ है।

डॉ० सुशीला यादव
मुख्य सम्पादिका 'दुर्गा पत्रिका'

–: महाविद्यालय परिचय :–

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय, नांगल चौधरी-कोटपूतली (जयपुर) मार्ग पर स्थित है। महाविद्यालय परिसर छायादार वृक्षों, सौम्य एवं शांत वातावरण को अपने में समाहित किए हुए है। इस महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय है। इस सत्र में 1027 छात्राएं अध्ययनरत है। इस महाविद्यालय में दो एसोसिएट प्रोफेसर, आठ असिस्टेंट प्रोफेसर, तेरह एक्सटेंशन लेक्चरर, एक उप-अधीक्षक, एक कनिष्ठ लिपिक, एक प्रयोगशाला सहायक, आठ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। महाविद्यालय में पाँच प्रयोगशाला, एक पुस्तकालय परिसर, एक कम्प्यूटर प्रयोगशाला, एक जिम कक्ष, खेल-कूद का मैदान, एक सुन्दर उद्यान आदि महाविद्यालय परिसर में है।

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय का निर्माण भामाशाह स्वर्गीय बैजनाथ चौधरी जी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा देवी चौधरी एवं उनके सुपुत्रों श्री विश्वनाथ चौधरी, श्री दिलीप कुमार चौधरी, श्री गोविन्द राम चौधरी, श्री विमल कुमार चौधरी ने करवाया है। स्वर्गीय बैजनाथ चौधरी जी ने अपने पिता स्व. श्री कुंजीलाल व माता श्रीमती चंपा देवी चौधरी की पुण्य स्मृति में करवाया था। अत: महाविद्यालय परिवार की तरफ से बैजनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट को कोटि-कोटि प्रणाम।

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय, नांगल चौधरी का शिलान्यास दिनांक 12 मई 2013 रविवार को भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा किया गया था। शिलान्यास समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती गीता भुक्कल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती श्रुति चौधरी, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव श्रीमती अनीता यादव, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव राव दानसिंह आदि गरिमामयी हस्ती उपस्थित थे।

महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन दिनांक 21 नवम्बर 2015 को माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर के कर कमलों द्वारा किया गया था। उद्घाटन समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री श्री रामविलास शर्मा, पूर्व लोकसभा सांसद श्री धर्मबीर सिंह चौधरी, माननीय विधायक नांगल चौधरी डॉ0 अभय सिंह यादव आदि गरिमागयी हस्ती उपस्थित थे।

के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन
श्री मनोहर लाल

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय
नांगल चौधरी 'का निर्माण'
बैजनाथ - दुर्गादेवी चौधरी एवं उनके सुपुत्रों
विश्वनाथ, दिलीप कुमार, गोविन्द राम एवं
विमल कुमार चौधरी (नांगल चौधरी) ने अपने पूर्वजों
एवं पितृ स्व. श्री कुंजीलाल - चंपादेवी चौधरी
की पुण्य स्मृति में करवाया।
नांगल चौधरी
दिनांक : 21/11/2015

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय
नांगल चौधरी
के निर्माण में विशेष सहयोगी जन:-
1. श्री रामानन्द अग्रवाल सुपुत्र श्री रामेश्वर दयाल अग्रवाल
(भुंगारका वाले) नारनौल
2. श्री रामकिशन सुपुत्र श्री मुखराम सैनी
3. श्री रमेश चंद सुपुत्र श्री दान सिंह सैनी
4. श्री प्रताप सिंह सुपुत्र श्री शिवलाल (शेखावत)
सलाहकार : श्री मालाराम सरपंच (नांगल चौधरी)
आर्किटेक्ट : श्री योगेश कुमार शर्मा (जयपुर)
ठेकेदार : श्री रोहताश प्रजापत (अलीपुर)
नांगल चौधरी
दिनांक : 21/11/2015

का
शिलान्यास
श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा
श्रीमती गीता भुक्कल
राव नरेन्द्र सिंह
श्रीमती श्रुति चौधरी
श्रीमती अनीता यादव
राव दान सिंह

मानणीय बैजनाथ चौधरी जी
की प्रतिमा का अनावरण
चौधरी धर्मबीर जी
स्वामी श्री शरणानंद जी,
डा. अभय सिंह जी यादव
29 फरवरी 2020 को सम्पन्न हुआ।

माँ सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय
नांगल चौधरी

''दुर्गा'' 2021-2022

डॉ० अनीता तंवर
(संरक्षक एवं प्राचार्या)

डॉ० सुशीला यादव
(मुख्य सम्पादिका)

हिन्दी विभाग
श्रीमती सुनीता यादव
सम्पादिका

दीपिका (हिन्दी विभाग)
बी.ए. द्वितीय वर्ष - 2166
छात्र सम्पादिका

अंग्रजी विभाग
श्री प्रदीप यादव
सम्पादक

सुशीला (अंग्रेजी विभाग)
बी.ए. द्वितीय वर्ष - 2212
छात्र सम्पादिका

विज्ञान विभाग
श्रीमती सन्तोष यादव
सम्पादिका

रवीना (विज्ञान विभाग)
बी.एस.सी. द्वितीय (Non-Med.) - 2212
छात्र सम्पादिका

''दुर्गा''

2021-2022

हिन्दी विभाग

श्रीमती सुनीता यादव
सम्पादिका

दीपिका
बी.ए. द्वितीय वर्ष रोल नं०- 2166
छात्र सम्पादिका

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय
नांगल चौधरी

-: मातृभाषा का महत्व :-

किसी भी देश की संस्कृति और संस्कारों को जानने के लिए उसकी भाषा को जानना जरूरी है। मातृभाषा सिर्फ संवाद का स्वाभाविक माध्यम ही नहीं है, बल्कि किसी भी व्यक्ति या समुदाय की सांस्कृतिक पहचान भी होती है। इसलिए जरूरी है कि सरकार मातृभाषा में पढ़ाई को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाए और जमीनी स्तर पर उसका पालन भी सुनिश्चित करे। कई भाषाओं की चिंताजनक स्थिति और भविष्य में उन्हें लुप्त होने से बचाने और अपने सदस्य देशों की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित रखने के लिए नवम्बर 1999 में यूनेस्को ने 21 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाना स्वीकार किया। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था ने विश्व की आधी से अधिक भाषाओं के भविष्य को लेकर चिंता जाहिर करते हुए आशंका व्यक्त की है कि शताब्दी के अंत तक ये भाषाएँ प्राय: विलुप्त हो जाएंगी। ऐसा ही हमारे भारत जैसे देश में हिन्दी भाषा के साथ हो रहा है।

आज हम विचार के स्तर पर हर बच्चे की अपनी मातृभाषा में शिक्षा से सहमत है। नीतियों में हम कई कदम आगे बढ़ चुके हैं। जमीनी स्तर पर मातृभाषा का गुणगान तो करते हैं मगर शिक्षण में इसे अपनाने से कतराते हैं। मैं कहना चाहूँगी कि आज वर्तमान युग में बच्चों के अभिभावकों के मन में यह भी धारणा बन चुकी है कि अगर हमारे बच्चे अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषा के माध्यम से नहीं पढ़ेंगे तो वह अन्य बच्चों से प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ जाएंगे।

हमारे देश के संविधान में 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को राजभाषा का दर्जा मिला। लेकिन इतना होने के बावजूद भी हमारे देश में हिन्दी भाषा की उपेक्षा हो रही है। क्योंकि हमारे देश के लोगों को पाश्चात्य संस्कृति प्रभावित कर रही है। कुछ लोग तो यह सोचते हैं कि यदि हमने अंग्रेजी जैसी विदेशी भाषा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण की तो हमें जीवन में रोजगार के अवसर अधिक मिलेंगे। हिन्दी को हीनता की दृष्टि से देखा जाता है। जबकि हिन्दी राष्ट्रभाषा, राजभाषा तथा मातृभाषा तीन भाषाओं के रूप में हमारे देश में प्रचलित है। लेकिन फिर भी हिन्दी को उतना सम्मान नहीं मिल रहा है, जितना अंग्रेजी भाषा को। मैं कहना चाहूँगी कि एक बच्चे से लेकर बड़े इन्सान तक की बात की जाए तो, वह किसी विषय या विचार को अपनी मातृभाषा में जितना अधिक आसानी से समझ पाता है उतना किसी अन्य भाषा में नहीं। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र कवि ने भी इन पंक्तियों के माध्यम से कहा है –

''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥''

डॉ० सुनीता यादव
हिन्दी विभाग

काम करेगा, तभी बढ़ेगा इंडिया

चारों तरफ हो खुशियों की लहर,
हर तरफ चलता गुणगान रहे।
बरसे असीम कृपा ईश्वर की,
आपके होठों पर सदा मुस्कान रहे।।

प्यारी छात्राओं,

आज हम एक ऐसे वातावरण में रह रहे हैं जहाँ महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार दिए गए हैं। हमें सबसे पहले उन अधिकारों के बारे में ज्ञान होना चाहिए तथा अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ज्ञान होना चाहिए। आज देश की आबादी में 50 प्रतिशत महिलाएँ हैं। किसी भी देश की उन्नति उस देश के लोगों पर निर्भर करती है। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि हमारे देश की 50 प्रतिशत प्रगति का दायित्व हम महिलाओं पर है। इसके लिए सबसे पहले हमें शिक्षित होने की आवश्यकता है क्योंकि शिक्षित महिला अपनी बात को दूसरों के सामन आत्मविश्वास के साथ रख सकती है। शिक्षा ग्रहण के साथ-साथ या बाद में हमें एक तरह का कौशल विकसित करना होगा ताकि हम आर्थिक रूप से आतमनिर्भर बन सके। जिस प्रकार पुरूष अनके तरह के व्यवसाय या नौकरी के माध्यम से अपने परिवार की जरूरतों का निर्वहन करता है उसी तरह हमें भी जिम्मेदारी लेनी होगी इससे न केवल आपके परिवार के अपितु आपके क्षेत्र का भी विकास होगा। उदाहरण के तौर पर यदि आप अधिक धन अर्जित करती है तो बाजार में उस धन का इस्तेमाल करेंगी, जिससे आपके क्षेत्र के दुकानदारों की बिक्री ज्यादा होगी। यदि आप अपना व्यवसाय करती है तो आपके अधिनस्थ कर्मचारियों की उन्नति होगी। कहने का तात्पर्य यह है कि आप जितना धन अर्जित करने की कोशिश करेगी, उतना ही आपके क्षेत्र का एवं देश का विकास होगा।

प्राय: यह देखा गया है कि पढ़ी-लिखी महिलाएँ घर के कार्य करना पसन्द नहीं करती। महिलाएँ अपनी समृद्धि को अपने आराम से तौलती हैं। यह मानसिकता देश के लिए घातक है। बढ़ती हुई जनसंख्या हमारे लिए वरदान हो सकती है यदि हम एक संसाधन की तरह अपने आपको इस्तेमाल करे। हमें यह कतई नहीं सोचना चाहिए कि यह काम छोटा है। अपनी योग्यता के अनुसार हमें अपने व्यवसाय या नौकरी का चयन करना चाहिए।

आइए हम सब मिलकर संकल्प लें कि देश की प्रगति में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

Smt. Santosh Yadav
Assistant Professor
Dept. of Zoology

–: वर्तमान समय में जल संसाधन की प्रासंगिकता :–

जल ही जीवन है, जीवन का जनक और पोषक भी। पानी की तरलता को धार्मिक व सांस्कृतिक शक्ल में ढाला गया। हर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में पानी की जरूरत की बाध्यता पैदा की गई, ताकि पानी के महत्व को लोग हर वक्त अपने जेहन में रखे। पानी से सम्बन्धित रीति–रिवाजों, पूजन व गीतों को गढ़ा गया। जल स्थापत्य की भी बड़ी ही उज्जवल परम्पराएं बनाई गई।

मानव, पशु–पक्षियों को जीवित रहने तथा उनकी संवृद्धि हेतू तो जल की आवश्यकता है ही, अनके प्रकार के औद्योगिक कार्यों तथा खेती–बाड़ी के लिए भी जल एक अनिवार्य अपरिहार्यता है। भूमिगत जल की अंधाधुंध निकासी से इसका जल स्तर लगातार नीचे खिसकता जा रहा है। हमने जल संग्रहण के प्रति उदासीनता दिखाई तो विश्व को जल संकट के महाप्रलय के दिन देखने पड़ सकते हैं। जल संकट के सन्दर्भ में सबसे ज्यादा समस्या स्वच्छ जल की उपलब्धता को लेकर है। भविष्य में इस तथ्य के और अधिक विकराल रूप धारण करने की संभाव्यता भी विद्यमान है। क्योंकि दिनोदिन पानी की मांग उसकी पूर्ति की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। जिसका मुख्य कारण तालाब, झीलों व नदियों में बढ़ता जल प्रदुषण है। परिस्थितियों के संतुलन में भी जल एक आवश्यक संघटक है। जन में हुई वृद्धि से उपजी परिस्थितियों से सारे विश्व में जल की खपत बढ़ती गई।

पृथ्वी पर इस समय मौजूद 140 करोड़ घन मीटर जल में 97.5 प्रतिशत खारा है। इसके अलावा 1.78 प्रतिशत पानी बर्फीली चोटियों और हिमनदों में जमा पड़ा है। बाकी मात्रा 0.74 प्रतिशत धरती के गर्भ में छुपा हुआ है। अपने हिस्से में मात्र 136 हजार घन मीटर जल ही बचता है। हर साल जमीन से समुद्रों की ओर 40,000 घन किमी जल बह कर जाता है जिसमें से मानव मुश्किल से 9000 घन किमी पानी का इस्तेमाल कर पाता है। औद्योगिक देशों में एक आदमी औसतन 400–500 लीटर पानी का उपभोग प्रतिदिन करता है जबकि विकासशील देशों में यदि लोगों को 20 किमी की दूरी तक पीने के लिए पानी मिल रहा है तो यह समझा जाता है कि पीने के लिए स्वच्छ जल मिल रहा है। प्रकृति भी जल के अनिश्चित वितरण के लिए जिम्मेदार है। दक्षिण अमेरिका के अराकमा नामक रेगिस्तानी इलाके में 1989 से 1994 के बीच पांच सालों में एक बूंद भी पानी नहीं बरसा। दुनिया की 60 करोड़ से ज्यादा की आबादी शुष्क क्षेत्रों में ही निवास करती है। जल की समस्या का एक और कारण यह है कि भूमिगत जल पर बढ़ती निर्भरता ने जल की निरंतरता बनाये रखने का कार्य और दुष्कर बना दिया है।

आज मानव अनेक क्षेत्रों में कल्पनातीत प्रगति के शिखरों को छूता जा रहा है लेकिन आधुनिक युग की एक दूसरी देन ने उसकी नींद भी हराम कर दी है। यह देन नहीं अभिशाप है और यह अभिशाप कई प्रदूषणों के रूप में प्रकट हो रहा है। कहीं ध्वनि प्रदुषण ने मन-मस्तिष्क के साथ हमारे शरीर को झकझोर दिया है तो कहीं जल प्रदूषण ने पेट की तरह-तरह की बीमारियों को उत्पन्न कर जीना दूभर कर दिया है। कभी कहा जाता था और आज भी सत्य है कि जल जीवन है लेकिन आज यह जल जहां-जहां अपनी निर्मलता और स्वच्छता के मूलभूत गुणों से विरक्त होता जा रहा है, वहां-वहां मानव के लिए जानलेवा होता जा रहा है। विगत 50 वर्षो में जल का न्यायोचित उपयोग नहीं किया गया। प्रचुरता से उपलब्ध बरसात के सतही जल का उपयोग नहीं किया गया। अगर बरसात के सतही जल के उपयोग कर निर्भरता कम करते हुए सीमित मात्रा वाले भूमिगत जल स्त्रोतों का अविवेकपूर्ण तरीके से दोहन किया गया तो यही वर्तमान व भावी जल संकट का मुख्य कारण है। सूखा अचानक नहीं पड़ता यह भूकम्प के समान अचानक घटित न होकर शनैः शनैः आगे बढ़ता है। जन विस्फोट जल संसाधनों का अति उपयोग/दूरूपयोग, पर्यावरण की क्षति तथा जल प्रदूषण की दुर्व्यवस्था के कारण भारत के कई राज्य जल संकट की त्रासदि भोग रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद 55 वर्षो में देश ने काफी वैज्ञानिक एवम् तकनीकी प्रगति की है। सूचना प्रौद्योगिकी में यह एक अग्रणी देश बन गया है। लेकिन सभी के लिए जल की व्यवस्था करने में काफी पीछे है। आज भी देश में कई बीमारियों का एक मात्र कारण दूषित जल है।

आज भारत ही नहीं, तीसरी दुनिया के अनेक देश सूखा और जल संकट की पीड़ा से त्रस्त है। आज मनुष्य मंगल ग्रह पर जल की खोज में लगा हुआ है, लेकिन भारत सहित अनेक विकासशील देशों के अनेक गांवों में आज भी पीने योग्य शुद्ध जल उपलब्ध नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के जन कोष संगठन के एक अध्ययन के अनुसार यदि समय रहते जल-संग्रहण के माध्यम से जल संसाधनों का विकास नहीं किया गया तो वर्ष 2050 तक विश्व की विशाल जन हेतू ताजा पेय जल उपलब्ध नहीं हो पाएगा। राज्य सरकार द्वारा किए गए उपायों से तत्कालीन हल तो निकल सकेगा किंतु जल की गहन समस्या के दूरगामी हल के लिए परम्परागत जल स्त्रोतों यथा-मरूस्थलीय क्षेत्रों में स्थित 'बेयरा, बेरी, पार, टांकों,' आदि को पुनर्जीवित करते हुए उनके रख-रखाव को भी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी एवं इस हेतु आवश्यक वित्तीय व्यवस्था भी करनी होगी।

Dr. Harnam Singh
Assistant Professor
Dept. of Geography

''साडा हक''

समाज में एक प्राणी के रूप में स्त्री एवं पुरूष एक सिक्के के दो पहलु या यूं कहें एक गाड़ी के दो पहिए हैं। यदि दोनों को गति समान होगी तभी गाड़ी ठीक से चल पायेगी वरना चरमरा कर धराशाई होने में देर नहीं लगेगी। वर्तमान सदी में कुछ दशकों से 'महिला सशक्तिकरण' एक चुनौतीपूर्ण विषय बना हुआ है। यदि भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो यह बहुत विरोधाभासी व उलझा हुआ विषय है यहाँ पर 'यत्र नार्यस्तू पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' जैसी दैवीय भावना का स्वरूप एक आदर्शात्मक स्थिति को सम्मुख रखता है। ठीक इसके विपरीत हमारे यहाँ के छब्ठ (नैशनल क्राइम ब्यूरो रिपोर्ट 2019) के अनुसार प्रतिदिन औसतन 88 मामले पंजीकृत हुए हैं। ये मामले तो महज समंदर में डूबे बर्फीले राक्षस की चोटी भर हैं, जो हमारे समाज का असली चेहरा बयां करते हैं। इती श्री यहीं नहीं है इसके अलावा कन्या भ्रूणहत्या, दहेज हत्या, महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, ऑनर किलिंग, लव जिहाद, बालिकाओं के साथ यौनाचार जैसे अपराधिक कृत्य समाचार पत्रों की सुर्खियाँ बनते रहते हैं। हाल ही में घटित – हाथरस रेप कांड, निकिता तोमर हत्याकांड जैसे उदाहरण हमारे समक्ष हैं।

हाँ, भारतीय संविधान ने संवैधानिक रूप से स्त्री व पुरूष को बराबरी का हक दिया है। उन्हें सरकार चुनने व समान काम के लिए समान मजदूरी और अपनी अस्मिता की रक्षा हेतु कानून बनाये गये हैं। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने तो यहां तक कहा कि ''मैं किसी राष्ट्र की उन्नति को उस राष्ट्र में हुई महिलाओं की उन्नति के रूप में देखता हूँ।'' यानि महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, लिंगभेद रहित समान रूप से बराबरी का हक जो संवैधानिक रूप से प्रदत्त है परन्तु व्यवहारिक नहीं बन पाया है। उसे पूरा कर उन्हें अपना स्वयं का निर्णय स्वयं लेने में आत्मसक्षम बनाना सच्चे अर्थ में महिला सशक्तिकरण होगा।

भारत में स्वतंत्र होने से आज तक इस दिशा में बहुत से मील के पत्थर पार किए हैं। संवैधानिक रूप से महिलाओं की स्थिति सुदृढ़ करने के लिए बहुत से कानून बने जिनमें – मातृत्व लाभ अधिनियम (1861), दहेज प्रतिषेध कानून (1961), समान वेतन एवं परिलाभ अधिनियम (1976), महिला आयोग (1990), पीसीपी एनडीटी एक्ट (1994), घरेलु हिंसा अधिनियम (2005), बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (2006), कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न एवं प्रतिषेध अधिनियम (2013), तीन तलाक अधिनियम (2019), स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण जैसे कानून लाये गये जिससे स्थिति में सुधार लाया जा सके।

वर्तमान में केंद्रीय व स्थानीय राज्य सरकारें इस दिशा में कारगर कदम उठा रही है। उनके द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएँ चलाई जा रही है। जैसे– बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सैंटर, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, किशोरी शक्ति, आपकी बेटी–हमारी बेटी, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आदि इन सब कानूनों एवं योजनाओं के माध्यम से हम कुछ कदम जरूर तय कर पाये हैं परन्तु आज भी महिला साक्षरता एवं पुरूष साक्षरता में बहुत बड़ा फासला है। यह फासला हमें घटाना है और महिलाओं को उनका नैसर्गिक अधिकार दिलाकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम एवं राजनैतिक एवं सामाजिक रूप से समानता के स्तर तक पहुँचाना है।

भारतीय युग प्रेरक स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि ''कोई भी पक्षी अपने एक खराब पंख के साथ ऊंची उड़ान नहीं भर सकता है।'' इसलिए समाज की आधी आबादी को सक्षम एवं सशक्त बनाना ही होगा। सरकार के प्रयास अपनी जगह हैं परन्तु अब जो भारतीय नारियाँ अपना मुकम्मल मुकाम हासिल कर चुकी हैं उन्हें आगे आकर अपने अधिकारों की लड़ाई बाकी सब के लिए लड़नी होगी। सभी को साथ में लेकर एक सुर में बोलना होगा, ''साडा हक एथे रख''।

Smt. Mamta Bayla
Assistant Professor
Dept. of Economics

इतिहास में संत कबीरदास जी की प्रासंगिकता दर्शाती हुई कविता

पीले अमीरस धारा गगन में झड़ी लगी।
झड़ी लगी, हाँ झड़ी लगी।।
बूँद का प्यासा घड़ा भर पाया
सपने में वो स्वाद ना आया
कहो किसे कैसे समझायें
एक बूँद की तरण लगी
पीले अमीरस धारा गगन में झड़ी लगी
प्यास बिना क्या पीवे रे पानी
प्यासे के लिए है वो पानी
बिना अधिकार कोई नहीं जानी
अमृत रस की झड़ी लगी
पीले अमीरस धारा गगन में झड़ी लगी
अमीरस पीवे अमर पद पावे
भव योनी में कबहूँ ना आवे
जरा मरण का वो दु:ख ना सावे
घट की घघरीया भरन लगी
पीले अमीरस धारा गगन में झड़ी लगी
बूँद अमीरस गुरू की वाणी
जीवन रास्ता है ये पानी
कबीर संगत में हो हमारी
डाली प्रेम की हरी भरी
पीले अमीरस धारा गगन में झड़ी लगी।

Sh. Raman Yadav
Assistant Professor
Department of History

भारतीय विदेश नीति के समक्ष चुनौतियाँ

भारतीय विदेश नीति का बुनियादी उद्देश्य भारत में घरेलू परिवर्तन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है । इसके जरिए हम लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के अपने मूल्यों को संबोधित करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था एवं समाज में परिवर्तन संबंधी कार्य को संभव बनाना चाहते हैं। इसके लिए हमें एक ऐसे अनुकूल विदेशी परिवेश की आवश्यकता होती है जो शांतिपूर्ण हो और जो हमें घरेलू कार्यो पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति दे। व्यापक तौर पर हमारी विदेश नीति का उद्देश्य हमारे समाज और हमारी अर्थवयवस्था के परिवर्तन के दौर में ऐसे ही अनुकूल परिवेश का निर्माण करना है।

विदेश नीति के समक्ष चुनौतियां :-

आज का समय भारतीय विदेश नीति के लिए महान और चुनौतियों और अवसरों का समय है। यदि हमें त्वरित विकास एवं सामरिक स्वायत्तता को कायम रखते हुए भारत में घरेलू बदलाव लाना है तो हमारे सामरिक लक्ष्य वही बने रहने चाहिए। इन लक्ष्यों में लंबे समय तक परिवर्तन नहीं होगा क्योंकि इन्हें प्राप्त करने के लिए हमें समय की आवश्यकता तो पड़ेगी ही। परंतु वर्तमान आर्थिक परिवेश में इन्हें प्राप्त करना हमारे कौशल और हमारे देश के लिए एक वास्तविक चुनौती होगी। वर्तमान संकट के दौर में भारत के लिए प्रौद्योगिकियों और संसाधनों को प्राप्त करने का अवसर है। इसी प्रकार वर्तमान संकट हमें सत्ता के अंर्तराष्ट्रीय संतुलन में अपने सापेक्षिक स्थिति में सुधार लाने का भी अवसर प्रदान करता है। एक अन्य चुनौती होगी पिछले वर्षो के दौरान विदेश नीति के संबंध में प्राप्त सर्वसम्मति को कायम रखना। जैसे दबाव के वर्षो में भी हम ऐसा कर पाने में 1998 अथवा 1971 में सफल रहे थे । जैसे-जैसे संरक्षणवाद बढ़ रहा है और बाजार बंद हो रहे हैं तथा ऋण का प्रवाह वापस विकसित अर्थव्यवस्थाओं की और उनके प्रोत्साहन पैकेज और आर्थिक पुनरूत्थान के प्रयोजनार्थ जा रहा है, वैसे-वैसे हमें स्वयं के अपने घरेलु बाजार पर निर्भर होना पड़ेगा। यह भी हमें गरीब देशवासियों के विकास के लिए एक अवसर प्रदान करता है जिससे कि सही मायनों में हमारा विकास समावेशी बन सके । इसी प्रकार अन्य उदीयमान ताकतों के लिए भी अन्य देशों के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे की भावी नई अंर्तराष्ट्रीय रूप रेखा को आकार दिये जाने के लिए नए गठबंधनओं का निर्माण किया जा सके। वैश्विक शासन एक ऐसा मुद्दा है जिसे हम इस आर्थिक संकट के पश्चात् नजरअंदाज नहीं कर सकते। पहले ही इस संकट के कारण अंर्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी अंर्तराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं में सत्ता के विभाजन पर सहमति हो चुकी है। इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे वैश्विक शासन के राजनीतिक अंगों में भी विस्तारित करने की आवश्यकता है।

हमारा पड़ोस हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती और सर्वोत्तम अवसर प्रदान कर रहा है। स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के साथ हमारा संबंध काफी दबाव में है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाकिस्तान की घटनाओं का दुष्प्रभाव भारत पर ना पड़े, हमें सावधानी पूर्वक प्रबंधन करने की आवश्यकता होगी। श्रीलंका अभी-अभी आंशिक घटनाक्रमों के पूर्णता नए दौर में प्रवेश कर रहा है और हमें विशेष रूप से श्रीलंकाई तमिलों जो 23 वर्षो से चले आ रहे गृह युद्ध और लिट्टे के आतंकवाद से मुख्य रूप से पीड़ित रहे हैं, के साथ मिलकर उत्तरी और दक्षिणी श्रीलंका में उनके जीवन को दोबारा पटरी पर लाने हेतु प्रयास करने की आशा है।

Smt. Pinky Prajapat
Extension Lecturer
Dept. of Pol. Science

"हिन्दी का महत्व"

जन – जन की भाषा है हिन्दी, भारत की आशा है हिन्दी।
जिसने पूरे देश को जोड़े रखा है, वो मजबूत धागा है हिन्दी।
जिसके बिना हिन्द थम जाए, ऐसी जीवनरेखा है हिन्दी।
हिन्दुस्तान की गौरवगाथा है हिन्दी, एकता की अनुपम परम्परा है हिन्दी।
जिसके गर्भ से रोज नई कोंपले फूटती है, ऐसी कामधेनु धरा है हिन्दी।
जिसने गुलामी में क्रान्ति की आग जलाई, ऐसे वीरों की प्रस्तुति है हिन्दी।
जिसने काल को जीत लिया है, ऐसी कालजयी भाषा है हिन्दी।
सरल शब्दों में कहा जाए तो, जीवन की परिभाषा है हिन्दी॥
॥ जय हिन्द जय भारत॥

छात्र सम्पादिका
दीपिका कुमारी
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं0 - 2166

GENDER EQUALITY

एक वक्त था जब समाज लड़कियों का पढ़ाई के लायक नहीं समझता था और आज भी ज्यादातर लोग यही समझते हैं। लड़कियाँ आज हर जगह पर अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। पर फिर भी शिक्षा, स्वास्थय, निर्णय लेने के क्षेत्रो, वित्तीय स्वतंत्रता आदि जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को कम आंका जाता है। महिलाओं को सेना, डॉक्टर, बिज़नेस आदि सब में अपनी हिस्सेदारी निभाने की अनुमति है और जाहिर है पुरूषों ने ही उन्हें अनुमति दी है। इसका मतलब ये है कि हमारे समाज में लैंगिक समानता बिल्कुल नहीं है और हमारा समाज एक पुरूष-प्रधान है। जिसमें हम लड़कियों को हर काम में एक पुरूष की अनुमति लेनी पड़ेगी। कभी ये सोचा है कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का नारा देने की नौबत समाज में क्यों आई? क्योंकि बेटियों को ना तो बचाया जा रहा है और ना पढ़ाया जा रहा है। हमारे माता-पिता कर्जा उठाते हैं। बेटे की पढ़ाई के लिए और बेटियों की विदाई के लिए। भारत में महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण व्यवहार में योगदान देता है, विवाह में दहेज प्रथा। इस दहेज प्रथा के कारण ज्यादातर भारतीय परिवार लड़कियों को बोझ समझते है। आज की शादी के इश्तिहारों में हम ये पढ़ते है कि चाहिए एक सुशील व संस्कारी लड़की लेकिन कभी ये शब्द लड़कों के लिए इस्तेमाल नहीं होते। हम पढ़े-लिखे व जॉब वाले लड़के ढूँढ़ते है अपनी बेटियों के लिए लेकिन क्या कभी एक पढ़ी-लिखी व जॉब वाली लड़की चाहिए ये इश्तिहारों में पढ़ा है? हम लैंगिक समानता की बात करते हैं कि आदमी और एक औरत समान तो क्यों एक औरत घर भी संभाले और काम भी करे। ये सुना है कि हर कामयाब आदमी के पीछे एक औरत का हाथ होता है पर ये कभी नहीं सुना कि हर कामयाब औरत के पीछे एक आदमी का हाथ होता है पर कभी सोचा है कि ऐसा क्यों नहीं सुना? हमारे समाज में आज्ञाकारी सबसे बड़ी उपाधि है जो एक औरत को मिलती है। बहू हो या बेटी। क्योंकि उसे सिर्फ और सिर्फ पुरूषों का कहना मानना होता है। ये सोचा है कि हमारे समाज में औरतों की क्या पहचान है? लैंगिक समानता तब होगी जब एक लड़की अपनी जिंदगी में क्या करना चाहती है? कैसे जीना चाहती है? उसके लिए उसे आदमी की अनुमति लेने की जरूरत नहीं होनी चाहिए उस दिन लैंगिक समानता होगी। कुछ औरतों ने लिख-पढ़ क्या लिया उनकी और मर्दो की जिंदगी एक बराबर हो गई ऐसा बिल्कुल नहीं है। यकिन मानिये आज भी सारे फैसले पुरूष ही लेते हैं। एक औरत एक घर संभालेगी वही घर चलायेगी ये कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए और अगर वो अपना कैरियर बनाना चाहे तो उसे कोई रोकने वाला नहीं होना चाहिए। लैंगिक समानता तब होगी जब हर औरत की पहचान वो खुद होगी। किसी की बेटी किसी की पत्नी होने से पहले वो खुद होगी स्वयं की पहचान। एक औरत क्यों नहीं एक आत्मनिर्भर होने की चाहत रख सकती? जिस दिन लड़कियों को कमजोर समझना समाज बंद कर देगा उस दिन लिंग भेदभाव भी नष्ट हो जायेगा। अंत में मैं सभी लड़कियों व औरतों को बस यही कहना चाहूँगी कि -

जो तेरे जहन में है उसे दिल में उतार, जो दिल में है उसे जुबां पर ला।
ये वक्त तेरा है तू ना शर्मा, बदलाव आयेगा नहीं उसे तू लेकर आ।

छात्र सम्पादिका
दीपिका कुमारी
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं0 - 2166

–: डॉ भीमराव अम्बेडकर :–

डॉ बी. आर. अम्बेडकर एक विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, अर्थशास्त्री, कानूनविद, राजनेता और समाज सुधारक थे।

भीमराव अम्बेडकर जी भीमबाई के पुत्र थे और उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू सेना छावनी, केन्द्रीय प्रांत सांसद महाराष्ट्र में हुआ था।

उन्होंने दलितों और निचली जातियों के अधिकारों के लिए छुआछूत और जाति भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया है।

उन्होंने भारत का संविधान तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वे स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और भारतीय संविधान के निर्माताओं में से एक थे।

दलित वर्गो के लिए सीटों के आरक्षण हेतु बाब साहेब अम्बेडकर और पंडित मदन मोहन मालवीय जी के द्वारा पूना संधि पर हस्ताक्षर किया गया।

डॉ अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

बाबासाहेब अम्बेडकर, महात्मा गांधी के हरिजन आंदोलन में भी शामिल हुए।

डॉ बी.आर. अम्बेडकर जी ने जीवन भर न्याय और असमानता के लिए संघर्ष किया।

ना मस्जिद की बात हो, न शिवालों की बात हो,
प्रजा बेराजगार है, पहले निवालों की बात हो।
मेरी नींद को दिक्कत ना भजन से ना अजान से है,
मेरी नींद को दिक्कत मरते हुये जवान और खुदकुशी करते किसान से है।

न ईश्वर न अल्लाह
और न ही राम
मेरा समाज जब था गुलाम
तब काम न आया कोई भगवान
दिलाने हम सब को सम्मान
एक ही शेर जन्मा था
भीमराव था जिनका नाम।
!! जय भीम !!

यदि आप मन से स्वतंत्र है,
तभी आप वास्तव में स्वतंत्र है ।।

राम भतेरी
बी.ए. प्रथम वर्ष
रोल नं0 - 2100

–: बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ :–

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान केवल एक योजना या अभियान नहीं है, यह लोगों की सोच से जुड़ा सामाजिक विषय है। हमें इसके पीछे छिपी लोगों की ओछी सोच को बदलना है, जो कि कठिन कार्य है। ईश्वर के बाद केवल महिलाओं के पास सृजन की क्षमता है। जरा सोचिए वो समाज कैसा होगा, जहां महिलांए न हो ('अ नेशन विदआउट वुमन')। केवल कल्पना करने की जरूरत है। तस्वीर खुद–ब–खुद साफ हो जाएगी। ऐसा कोई काम नहीं, जो लड़कियाँ नहीं कर सकती। वो भी देश की प्रगति में समान रूप से भागीदार है। इंदिरा गांधी से लेकर कल्पना चावला तक ऐसे लाखों नाम है, जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है। ''आइए कन्या के जन्म का उत्सव मनांए। हमें अपनी बेटियों पर बेटों की तरह ही गर्व होना चाहिए। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि अपनी बेटी के जन्मोत्सव पर आप पांच पेड़ लगाएं।'' –प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ।'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का शुभारंभ प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में किया था। हरियाणा में ही करने का मेन कारण वहां लिंग–अनुपात में सर्वाधिक अंतर है। यह योजना पूरे देश का अध्ययन किया और सभी देशवासियों को एकजुट होकर लड़कियों की कम जनसंख्या को संतुलित करने का संकल्प किया। इस योजना का दारोमदार तीन मंत्रालयों को सौंपा गया है। ये हैं– महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थय परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन मंत्रालय।

बेटी भार नहीं, हैं आधार
जीवन है उसका अधिकार
शिक्षा है उसका हथियार
बढ़ाओ कदम, करो स्वीकार।

मत रोको बेटी को आने से
मत डरो दुनिया के ताने से
वो तो है खुशी की चाबी
नहीं है जीवन की बर्बादी।

फूलों सी कोमल हृदय वाली होती है बेटियाँ
माँ–बाप की एक आह पर ही रोती है बेटियाँ
भाई के प्रेम में खुद को भुला देती है
अक्सर फिर भी आज गर्भ में जान खोती है बेटियाँ।

पूजा
बी.कॉम. प्रथम वर्ष
रोल नं0 – 3015

–: कविता :–

सफेदी से दीवारों का रंग बदल सकता है,
इंसान यहाँ गिर कर भी संभल सकता है।
तू कुछ बदलने की कोशिश तो कर,
तू हालात ही नहीं तकदीर बदल सकता है,
जीवन के बदलने में लगता ही क्या है।

एक-एक पल से एक पहर बनता है,
एक-एक पहर से एक दिन बनता है,
एक-एक दिन से एक साल बनता है,
एक-एक साल से ही जीवन बनता है,
पल बन जाए तो फिर बचता ही क्या है,
जीवन को बदलने में लगता ही क्या है।

सोच मिटती है तो विचार मिट जाते है,
विचार मिटते है तो संस्कार मिट जाते है,
संस्कार मिटते है तो परिवार मिट जाते है,
परिवार मिटते है तो समाज मिट जाते है,
समाज मिट जाए तो फिर बचता ही क्या है,
देश के मिटने में लगता ही क्या है।

मन भटकता है तो आचरण भटक जाता है,
आचरण भटकता है तो यौवन भटक जाता है,
यौवन भटकता है तो जीवन भटक जाता है,
जीवन भटकता है तो वतन भटक जाता है,
वतन भटक जाए तो फिर बचता ही क्या है,
सभ्यता के मिटने में लगता ही क्या है।

सुशीला
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं0 - 2212

कोशिश कर हल निकलेगा, आज नहीं तो कल निकलेगा।

अर्जुन सा लक्ष्य रख, निशाना लगा, मरूस्थल से भी फिर, जल निकलेगा।

मेहनत कर, पौधों को पानी दे, बंजर में भी फिर, फल निकलेगा।

ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे, फौलाद का भी, बल निकलेगा।

सीने में उम्मीदों को जिंदा रख, समन्दर से भी, गंगाजल निकलेगा।

कोशिशें जारी रख, कुछ कर गुजरने की, जो कुछ थमा-थमा है, चल निकलेगा।

कोशिश कर, हल निकलेगा, आज नहीं तो, कल निकलेगा॥

अंजु
बी.ए. द्वितीय वर्ष

कविता

तू कर हिम्मत उठकर चलने की,
तेरी हिम्मत की परीक्षा अभी बाकी है।

कदम दर कदम ही सीखा है तुमने,
जिंदगी के रास्तों में दौड़ना तेरा अभी बाकी है।

रंग उम्मीद का उतरने ना देना,
जिंदगी में कई रंगीनियाँ अभी बाकी है।

देख रहा है जमाना तुम्हें घूरकर,
संभल जा थोड़ा जमाने को घूरकर देखना अभी बाकी है।

एक-एक कर साथ छूट रहा है,
देखता रह किन-किनका हाथ छूटना अभी बाकी है।

अंधेरा है राहों में और डर है निगाहों में,
चलता रह राही बनकर सुबह का पहर आना अभी बाकी है।

कोशिश करके भी हर बार जो निराशा मिली,
मत हो उदास कोशिशों का संसार अभी बाकी है।

धूप है तेज मुश्किलों की तोड़ मत इरादों को,
रास्तों की ठंडी छांव अभी बाकी है।

पतझड़ है जो अभी चरम पर,
नयी उम्मीदों का बसंत अभी बाकी है।

अंजु
बी.ए. द्वितीय वर्ष

–: बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ :–

21वी सदी में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे की अनुगूँज चारों ओर सुनवाई पड़ने लगी। इस नारे की क्या आवश्यकता है जब भारतवर्ष में प्राचीनकाल से नारी की स्तुति 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' कहकर की जाती रही है। यहाँ तक कि असुरों पर विजय प्राप्त करने के लिए भी देवताओं को नारी की शरण में जाना पड़ा था। देवी दुर्गा ने राक्षसों का संहार किया था। विद्या की देवी सरस्वती, धनी की देवी महालक्ष्मी और दुष्टों का नाश करने वाली महाकाली की आराधना की लड़ाई में महिलाओं ने पर्दा प्रथा को त्यागकर देश को स्वतंत्रता दिलवाने में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कविवर पंत ने नारी को 'देवी माँ', 'सहचारी', 'सखी', 'प्राण' तक कहकर सम्बोधित किया है। आज नारी चपरासी से लेकर प्रधानमंत्री के पद तक विराजमान है। पुलिस, सुरक्षा बल व सेना तक में भी उच्च पदों पर नियुक्त हैं। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जहाँ उसने अपनी प्रबल कर्मठता का परिचय नहीं दिया। वह हर पद पर पुरूषों से अधिक ईमानदारी से काम करती है, यह सत्य भी किसी से छिपा नहीं है। वह माँ बनकर अपने सामाजिक दायित्व को निभाती है। आज अपने महान सहयोग से देश के विकास में बराबर की सहभागी बन गई है। फिर उसे हीन-भाव से क्यों देखा जाता है। वे कौन-से कारण हैं, जिनके रहते बेटी को गर्भ में ही मार दिया जाता है। आज इन कारणों पर विचार करने की आवश्यकता है। यदि ध्यान से देखा जाए तो आजकल माता-पिता के लिए बेटी की परवरिश करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है, क्योंकि यौन अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है कि यदि हम बेटी की इज्जत की रक्षा न कर पाए तो बेटी को जन्म देने का क्या फायदा होगा। माता-पिता की यही सोच कन्या भ्रूण हत्या का प्रमुख कारण है। इसके साथ-साथ दहेज प्रथा के कारण भी लोग बेटी को आर्थिक बोझ समझते हैं। बेटी का बाप बनना अथवा नहीं समझा जाता है। बेटे वंश चलाते हैं, बेटी नहीं। आज यौन - अपराध व बलात्कार की घटनाँए भी बढ़ती जा रही हैं।

इसके अतिरिक्त बेटी को पराया धन कहकर उसकी तौहीन की जाती है। इन सभी कारणों से बेटी को जन्म से पहले ही मार दिया जाता है। यदि समस्या की गहराई में झांका जाए तो इसमें बेटी कहाँ दोषी है? दोषी तो समाज या उसकी संकीर्ण सोच है। आज बेटियों की कमी के कारण अनेक नई-नई समस्याँए उत्पन्न हो रही है। स्त्री पुरूष संख्या संतुलन बिगड़ रहा है। यदि बेटियाँ नहीं होगी तो बहू कहाँ से आएंगी। आज आवश्यकता है, बेटियों को बेटों के समान समझने की। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने, समाज के अपराध बोझ को दूर करने की। दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जाना चाहिए।

कन्या भ्रूण हत्या अपनी कब्र खोदने के समान है ।यदि इनकी आहों को रोक न पांएगे अपने किए पर पछतांएगे हम। इस दिशा में सरकार ने अब अनेक कदम उठाए है ताकि बेटियों को बचाया जा सके और जिन कारणों से बेटियों को बोझ समझकर जन्म से पहले ही मार दिया जाता है, उन्हें दूर किया जा सके। सरकार की इन योजनाओं में 'बेटी धन' योजना प्रमुख है। इसमें बेटी की शिक्षा व विवाह में अधिक सहायता की जाती है।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारे के दूसरे भाग 'बेटी पढ़ाओ' पर भी विचार करना जरूरी है। 'बेटी पढ़ाओ' का सम्बंध नारी-शिक्षा से है। नारी हो या पुरूष शिक्षा सबके लिए अनिवार्य है किन्तु बेटी जीवन के सम्बंध में शिक्षा का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है तो वह माता-पिता पर बोझ न बनकर उनका बेटों के समान सहारा बन सकती हैं। बेटी बड़ी होकर देश की भावी पीढ़ी को योग्य बनाने के कार्य में उचित मार्गदर्शन कर सकती है। आज बेटी बचाने की आवश्यकता के साथ-साथ बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी के साथ बनाने की भी आवश्यकता है। इसी से बेटियों व नारियों संबंधी अनेक समस्याओं का समाधान सम्भव है। तभी वे बराबरी और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सकेंगी।

करीना
बी.ए. प्रथम वर्ष
रोल नं0 - 2064

–: एक नन्ही–सी पुकार :–

माँ मेरी बात मानों तो मैं अर्ज करती हूँ। गला दबाकर मार दो मैं साँस लेने से डरती हूँ।
और गला दबाने की जरूरत ही नहीं, मुझे गर्भ में ही मार दो।
क्योंकि अब मैं खुले आसमां में आने से डरती हूँ।
ऐसा नहीं है कि मुझे माता–पिता, भईया–भाभी का प्यार नहीं चाहिए,
मैं भी मिट्टी का एक घर बनाके सजाती, अपने गुड्डे–गुड्डियों की शादी उसमें रचाती।
और हो जाती मुझसे कोई भूल, भूल से तो तुम डाटती धमकाती।
मगर ममता भी मिलती मुझको तुम्हारी जब तुम,
गोद में बैठाकर प्यार से मुझे समझाती।
अब जब भी मुझे निर्भया, प्रियंका और सरिता दीदी की याद आती है,
सच कहती हूँ माँ मेरी रूह काँप जाती है और जैसे–तैसे सोने की अगर करती हूँ मैं कोशिश,
एक पल नींद नहीं आती, मुझसे मेरी नींद रूठ जाती है।
मैं भी स्कूल में जा पढ़ना चाहती हूँ,
मम्मी–पापा तुम सबका नाम रोशन करना चाहती हूँ।
मगर ये ख्वाब तो अब ख्वाब ही रहेंगे, जब तक ये दरिंदे यूं ही खुले घूमते रहेंगे।
फिर वो नन्ही परी गर्भ में ही अपनी माँ से कहती है,
मुझे गर्भ में ही मार दो, पहले मैं मरने से डरती थी,
मगर अब मैं जन्म लेने से डरती हूँ।

–: गौरवशाली भाषा : हिंदी :–

विश्व एक रंगमंच है, यहाँ सभी देशों की अपनी रफ़्तार है,
मैं हिंदुस्तानी हूँ और मेरी मातृभाषा हिंदी से मेरी पहचान है।

मेरी माँ 'भारत माता' की प्यारी हिंदी है, 22 भाषाओं से जुड़े हैं हम सब
इसलिए तो हमारी माता स्वर्ण आभूषणों से सजी है।

जात–पात, रंग–रूप, ऊँच–नीच से हम विभाजित नहीं होते,
जब गौरव और सम्मान मिलता है, तब भी हम अपनी भाषा हिंदी को नहीं छोड़ते।

स्वामी विवेकानंद एक सच्चे देशभक्त थे, विदेश में जाकर भी, उन्होंने देशभक्ति का चोला नहीं छोड़ा
अमेरिका में मंच पर खड़े होकर उपस्थित लोगों को भाईयों और बहनों कहकर संबोधित किया
तालियों की गूँज थी और उनकी मनोभावनाओ को रोकने वाला कोई नहीं था।

हिंदी का महत्व तो कोई स्वतंत्रता सैनानियों से जाकर पूछे
समझाने से लेकर, उनके आंतरिक बदलाव का प्रेरणा स्त्रोत हमारी भाषा थी।

आज नुक्कड़ नाटक से लेकर, कोई भी क्रांतिकारी वार्ता तक सब हमारी भाषा की सिखाई है

कहने को तो वर्ण लघु है,
पर हमारी भावनाएँ हमारी भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

लोग कहते हैं मेरी भाषा अनूठी है, अगर छोड़ दूँ मैं अपनी हिंदी भाषा बोलना
तो लोग कहेंगे, ये देशभक्त झूठी है।

जहाँ आजादी के लिए लड़े हैं, वहाँ अपनी भाषा को कैसे छोड़ दे,
लिखने लगे है अगर किस्से, तो क्यूँ भाषा का किस्सा अधूरा छोड़ दूँ।

जन्म के समय, अक्षरों का ज्ञान नहीं था,
बड़े होकर, किस्मत का ताला खोलना चाहा, सही ताला नहीं था।
आत्मनिर्भर बनना चाहा, पर सलीका नहीं था
और जब पहला शब्द बोलना चाहा,
तो शब्द 'माँ' का वर्णन हिंदी में ही था।

खूबसूरती से लिखना है अगर मुझे अपनी भाषा का अफसाना,
कैसे अभिव्यक्त करूँ, अपनी भाषा की महानता,
अत्यधिक मुश्किल है, सारे जग को समझाना।

आजादी से लेकर आज तक, हम भाषाओं से जुडे हैं।
कोई हरियाणवी, कोई आसामी, कोई भूटानी नहीं,
हम सब हिंदुस्तानी हैं।

ज्ञान का भंडार है, महान कवियों की काव्य रचना
और महापुरूषों का ज्ञान है इसमें।

''मेरी भाषा मेरी कलम में है, गाना चाहूँ तो वो गज़ल में भी है,
मेहनत से सींचना चाहूँ, तो वो फसल में भी है,
और उसे सुंदरता से खिलता देखना चाहूँ, तो वो कमल भी है।

सीमा
बी.ए. तृतीय वर्ष
रोल नं0 - 0019

–: वृद्धाश्रम :–

जिंदगी के इस अंतिम मोड़ पर, वह अपनों से ही धोखा खा गई।
वह गैरों से नहीं, अपनों से ही मात खा गई ॥

जिसको देकर जन्म वह, फूली नहीं समाई थी।
सुनाते हुए लोरी उसको, आनन्द असीम पाई थी ॥

अपने सुनहरे सपनों का, महल नित नया खड़ा करती थी।
लाखों कष्ट सहकर भी, बेटे पर आँच न आने देती थी ॥

लेकिन आज उसी बेटे ने, उसके सपनों की दीवार गिरा दी।
बेटे ने माँ से प्यार जताया, फिर कुछ ये फरमाया।

माँ शहर में खुला है वृद्धाश्रम, वहाँ वृद्धों को नहीं करना पड़ता श्रम।
वृद्ध वहाँ पर फरमाते हैं आराम, और बस रटते हैं प्रभु का नाम ॥

चलो आपको भी वहीं छोड़ आएँ, फिर आप भी वहाँ आराम फरमाइएँ ॥

आपको तो पता ही है, आज ट्रेडिशन बदल रहा है, बूढ़ों को घर में नहीं वृद्धाश्रम में रखा जा रहा है।
फिर भी आप घर में रहोगी, तो मैं भी ट्रेडिशनल कहलाऊँगा, और अपने दोस्तों में खिल्ली उडवाऊँगा ॥

सुनकर माँ को लगा बड़ा सदमा, जैसे किसी ने आसमान से गिरा दिया।
माँ गिड़गिड़ाकर बोली, बेटा कुछ तो रहम करना, अपने दोस्तों के आने पर
चाहे मुझे कोठरी में बंद रखना, पर मुझे घर से मत निकालना ॥

तभी बेटे ने तेवर बदले, बोला सुन री बुढ़िया, यहाँ से फुट ले,
इसी में तेरी भलाई है तुमने पाला था मुझे, उसकी कीमत आज ले ले ॥

पर हमारा पीछा जल्दी से छोड़ दो।
देखकर माँ बेटे के तेवर, अंदर तक सिहर गई।
समझा था जिसे बुढापे की लाठी, आज वह हाथ से फिसल गई
और माँ बेबस खड़ी रह गई ॥

जिसको समझा था अपना सहारा, आज उसी ने वृद्धाश्रम का रास्ता दिखा दिया।
शायद! विधाता ने सही लिखा है भाग्य में, बुढिया बेटे को आशीर्वाद देकर वृद्धाश्रम में आ गई।
जीवन के अंतिम मोड़ पर वह अपनों से धोखा खा गई, वह गैरों से नहीं, अपनों से धोखा खा गई ॥

ममता
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं0 - 2078

—: बन्द करो ये भेदभाव :—

समझते है सभी बेटे को ही नेक
वंश चलाना चाहता है यहाँ हर एक
रो पड़ते है अच्छे-अच्छे बच्ची को जन्म देने पर
क्या हो गई धरती की सूरत मेरे मौला,
कोई तबाही का सामान तू ही ऊपर से फैंक
खुद-खुदा ने बनाकर अपने हाथों से भेजा जमीन पर एक खिलौना
एक ही घर में खुशबु नहीं फैलाती,
कई घरों का एक साथ महकाती है कोना-कोना।
बिना लड़की भूल जाओ लोगों धरती पर जीवन का अस्तित्व,
हो जाए अगर दो से भी ज्यादा तो भी कभी मत रोना।
मारकर बेकसूर बच्चियों को बताओ क्या हासिल करोगे,
खुद को ही खुद के भविष्य का कातिल करोगे।
कोई तोहफा, उपहार, सम्मान नहीं मिलता ऐसा करने पर,
खुद को ही दरिंदो की दुनिया में शामिल करोगे।
क्यूं लहराती अधपकी फसल को काट रहे हो,
कयूं सुंदर फूलों को गंदगी में डालकर काँटे अपनी खातिर छाँट रहे हो।
बंद करो ये खौफनाक घिनौनी हरकतें आज अभी से,
घोटकर गला जिंदगानी का क्यूं हर तरफ मौत बाँट रहे हो।
अरे कन्या तो एक ऐसा अद्भुत अनोखा गुलशन है,
पतझड़ के मौसमों में भी जिसमें खुशबु रहती हरदम है।
मत उजाडो अपने हाथों ही भविष्य को लोगों
लड़कियाँ अब बोझ नहीं रही देखो चारों तरफ,
कहाँ लड़कियाँ अब लड़कों से कम है।
सबको मिलाकर इस कुकर्म से सख्ती से निपटना होगा,
खुद बुजुर्गो को लड़कियों को बचाने के लिए माँ की कोख से लिपटना होगा।
अरे हमने भी तो कभी ऐसी किसी पवित्र कोख से जन्म लिया था,
सबको मिलकर जमीन की इस जन्नत का महत्व समझना होगा।
दूसरे को मारने से पहले जरा खुद भी खाकर देखो जहर,
क्यूं मानवता के दुश्मन बनकर, अपने ही घरों में मचाते हो कहर।
अगर बंद आज अभी से नहीं करोगे ये लड़का-लड़की वाला अंधविश्वास,
तो किसी दिन सिर्फ लड़को से भरकर रह जाएंगे सारे गाँव, शहर॥

राखी
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष
रोल नं0 - 0008

–: स्लोगन :–

बिना किसी मेहनत के तुम फल कैसे पाओगे,
बेटी नहीं बचाओगे तो, बहू कहाँ से लाओगे,
जितना तुमने बोया है, उतना ही तुम पाओगे ।।

कलियों को खिल जाने दो, मीठी खुशबु फैलाने दो,
बंद करो उनकी हत्या, अब जीवन ज्योत जलाने दो ।।

–: सुविचार :–

जो अब तक नहीं खौला, वो खून नहीं पानी है।
जो देश के काम ना आए, वो बेकार जवानी है ।।

राखी
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष
रोल नं0 - 0008

–: माँ :–

होती है बड़ी प्यारी माँ,
होती है सबसे न्यारी माँ।
सुख सारे देकर हमको,
दुःख सारे ढोती है माँ।
ममता का सागर है माँ,
अब-सा-माँ का विस्तार है।
त्याग मूर्ति है प्रकृति-सी,
धरती-सा-माँ का प्यार है।
सदा प्यार हमको देती है माँ,
दयालु बहुत होती है माँ।
दुःख जरा भी हो हमें तो,
सुबक-सुबक रोती है माँ।
माँ-सा कोई न दूजा जग में,
माँ नदियों-सी बहती है।
माँ की सेवा करने वालों को,
कोई कमी नहीं रहती है।

मनीषा
बी.ए. तृतीय वर्ष

–: समय और स्थिति कभी भी बदल सकती है :–

चिड़िया जब जीवित रहती है तब वो कीड़े-मकोड़े को खाती है।
जब चिड़िया मर जाती है तब कीड़े-मकोड़े उसे खा जाते है।
